कार्यालय निदेशालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 20(101) आयो/निकाशि/2014 779 दिनांकः 4 दिसम्बर,2012

प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय,
नीमकाथाना, दौसा, चित्तोडगढ, अजमेर, चिमनपुरा, भीलवाडा,
लालसोट, राजस्थान संगीत संस्थान,जयपुर, रामगढ शेखावाटी, गंगापुर सिटी,
कालाडेरा, टोंक, कन्या शाहपुरा एवं कन्या चौमू

विषय :— विभागीय पोर्टल पर महाविद्यालय के वेब पेज बनाये जाने के संबंध में।

महोदय

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि दिनांक 3.12.2012 को आपके महाविद्यालय के नोडल आफिसर को विभागीय वेब पोर्टल पर आपके महाविद्यालय के वेब पेज पर डाटा अपलोड /एडिट इत्यादि करने के बारे में समग्र प्रशिक्षण दे दिया गया है।

आप अपने स्तर पर महाविद्यालय के समस्त विभागों एवं शाखाओं से संबंधित सूचनाऐं विभागाध्यक्षों एवं शाखा प्रभारियों से सॉफ्ट कापी में एकत्रित कर नोडल आफिसर को उपलब्ध करवायें जिससे कि दिनांक 10 दिसम्बर,2012 तक महाविद्यालय के नोडल आफिसर द्वारा उक्त सूचनाऐं वेब पेज पर अपलोड की जा सके। यह एक महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध कार्य है।

अतः इसे समय पर पूर्ण करवाये जाने एवं महाविद्यालय से सम्बन्धित समस्त सूचनाऐं समय पर अपलोड नहीं हो पाने की स्थिति में राज्य सरकार के द्वारा की गई कार्यवाही के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होगें।

भवदीय

संयुक्त निदेशक

क्रमांकः एफ 20(101) आयो/निकाशि/2014 780-81 दिनांकः 4 दिसम्बर,2012

प्रतिलिपि :—

1 उपर्युक्त महाविद्यालयों के समस्त नोडल आफिसर को भेजकर लेख है कि प्राचार्य द्वारा सत्यापित की गई सूचनाओं को दिनांक 10.12.2012 तक प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षित किये अनुसार विभागीय वेब पोर्टल पर महाविद्यालय के वेब पेज पर अपलोड कर ईमेल dce.egov@gmail.com पर सूचित करे ।

2 श्री धीरेन्द्र देवर्षि व्याख्याता प्रभारी वेबसाइट को भेजकर लेख है कि विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने का श्रम करें ।

संयुक्त निदेशक